प्रश्न सं. [क्र. 2102]

विधानसभा सत्र दिसम्बर 2019

अतारांकित प्रश्न क्रमांक–2102 के उत्तरांश 'क' का परिशिष्ट –एक

म0प्र0शासन वन विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक 1254/10–1 / 80 दिनांक 28 फरवरी 1980 के अनुसार भोपाल एवं छतरपुर वन वृत्त के अंतर्गत आने वाले वन ग्रामों के सर्वेक्षण एवं व्यवस्थापन का कार्य निम्नानुसार किया गया :–

वन वृत्त का नाम	वनमंडल का नाम	की गई कार्यवाही
भोपाल	सीहोर	सीहोर वनमण्डल के अन्तर्गत वनग्रामों में भू–प्रबंध इकाई भोपाल द्वारा सर्वेक्षण किया जाकर पटवारी मानचित्र, खसरा पंजी एवं 31/12/1976 के अतिक्रमणकारियों की अतिक्रमण पंजी आदि बनाने का कार्य किया गया था।
	विदिशा	वन मण्डल विदिशा अंतर्गत वनग्रामों में वर्ष 1980–81 में भू–प्रबंध इकाई भोपाल द्वारा सर्वेक्षण कर, खसरा पंजी एवं पटवारी मानचित्र आदि बनाये गये थे। उक्त वन ग्रामों के खसरा पंजी एवं मानचित्र राजस्व विभाग द्वारा भी संधारित किये जा रहे हैं। इन वन ग्रामों में भूमि स्वामी अधिकार प्राप्त पट्टे धारी हैं।
	भोपाल	भोपाल वनमण्डल के अन्तर्गत वनग्रामों में भू–प्रबंध योजना इकाई भोपाल द्वारा सर्वेक्षण किया गया था। वनमंडल में उपलब्ध अभिलेख अनुसार वनग्रामें की जमाबन्दी एवं 31.12.1976 तक के अतिक्रमणकारियों की अतिक्रमण पंजी आदि अभिलेख उपलब्ध हैं।
	ओ0गंज	वनमंडल औ.गंज में तत्कालीन वनमंडल रायसेन, भोपाल एंव सीहोर के अन्तर्गत वनग्रामों में भू–प्रबंध इकाई भोपाल द्वारा सर्वेक्षण किया गया था। परन्तु वनमंडल औबेदुल्लागंज में वनग्रामों के पटवारी मानचित्र, खसरा पंजी, किस्तबंदी एवं 31.12.1976 तक के अतिक्रमणकारियों की अतिक्रमण पंजी आदि अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं।
	राजगढ़	राजगढ़ वनमंडल में तत्कालीन वनमंडल सीहोर के अंर्तगत वनग्रामों में भू–प्रबंध इकाई भोपाल द्वारा सर्वेक्षण किया गया था। वनमंडल में वनग्रामों की जमाबंदी उपलब्ध हैं।
	रायसेन	वनमंडल रायसेन के अंतर्गत वन मण्डलाधिकारी भू-प्रबंध एवं व्यवस्थापन अधिकारी इकाई भोपाल द्वारा वन ग्रामों में किये गये अतिकमण के व्यवस्थापन के संबंध मे विस्तृत सर्वेक्षण का कार्य वर्ष 1980 में किया गया है। उपलब्ध अभिलेख अनुसार उनके द्वारा वन मण्डल के अंतर्गत आने वाले वनग्रामों के पटवारी मानचित्र, खसरा पंजी एवं 31.12.1976 तक के अतिकमणकारियों की अतिकमण पंजी आदि बनाये जाने का कार्य पूर्ण किया जाना पाया जाता है।
छतरपुर	टीकमगढ़	वन वृत्त छतरपुर के वनमंडल टीकमगढ़ अंतर्गत आने वाले वनग्रामों सर्वेक्षण एवं व्यवस्थापन कर अभिलेख वनमंडल स्तर पर तैयार / संधारित किये गये हैं।

(संजुक्ता मुद्गल)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन–भू अभि0)
मध्यप्रदेश, भोपाल